प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 29.06.2026**

➢ थाना रनियां पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 26.06.2026 को थाना रनियां पर वादिनी श्रीमती पूजा पत्नी कुलदीप निवासी ग्राम जसौरा थाना गजनेर कानपुर देहात द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि मेरे पति कुलदीप को उसके मकान मालिक, राजीव व उसके लडके सुनील ,सुशील द्वारा किसी भारी चीज से मारपीट कर हत्या कर देने के सम्बन्ध में दी गयी। जिसके आधार पर थाना रनियां पर मु0अ0सं0 0102/2026 धारा 103(1) बीएनएस बनाम 1.मकान मालिक राजीव पुत्र अज्ञात, 2. सुनील पुत्र राजीव, 3.सुशील पुत्र राजीव निवासीगण अज्ञात पंजीकृत किया गया। थाना रनियां पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए विवेचना के क्रम में साक्ष्य व तथ्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश मे आये अभियुक्त नील कुमार पुत्र रामखिलावन निवासी ग्राम बछौरा थाना मौरावा जनपद उन्नाव हाल पता किराये का मकान ग्राम खानचन्द्रपुर थाना रनियां जनपद कानपुर देहात को उसके किराये के मकान ग्राम खानचन्द्रपुर थाना क्षेत्र रनियां से दिनांक 29.06.2026 को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त नील कुमार उपरोक्त की निशादेही पर आलाकत्ल बास का डण्डा बरामद किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पताः-

1. नील कुमार उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र रामखिलावन निवासी ग्राम बछौरा थाना मौरावा जनपद उन्नाव उ0प्र0 हाल पता किराये का मकान ग्राम खानचन्द्रपुर थाना रनिया कानपुर देहात ।

पूछताछ अभियुक्त- अभियुक्त ने बताया कि मैं स्टील प्लांट कम्पनी में कार्य करता है। दिनांक 25.06.2026 को ड्यूटी के दौरान मेरी पत्नी द्वारा सूचना दी गई कि उनके साथ किराये पर रहने वाला कुलदीप मेरी पत्नी से बदतमीजी कर रहा है। इस पर मैं गुस्से में फैक्ट्री से किराये के घर ग्राम खानचन्द्रपुरा आया, कुलदीप मेरी पत्नी के पास में ही खडा था तो मैने पास के खेत से बाँस का डंडा उठाकर कुलदीप के सिर पर मार दिया था।

बरामदगी-

1. आलाकत्ल 01 बास का डण्डा ।

गिरफ्तार करने वाली थाना रनियां पुलिस टीम-

1.थानाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार गौतम
2. उ0नि0 श्री देवेन्द्र कुमार पाल
2.का0 629 सोनू
3.रि0का0 900 प्रवल प्रताप सिंह